Result Mitra IAS/PCS Daily Magazine Content

दिल्ली भूमि सुधार एक्ट

➢ हालिया संदर्भ :

- दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम, 1954 पिछले कुछ समय से चर्चा में है, जिसका मुख्य कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव है।
- AAP के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उपरोक्त अधिनियम की धारा 33 और 81 को निरस्त करने का वादा मोदी ने पूरा नहीं किया।
- दरअसल दिल्ली के ग्रामीण इलाकों के छोटे किसान इन धाराओं से संबंधित अनगिनत मामले में कोर्ट का चक्कर लगाते–लगाते परेशान है, अतः इन मामलों को वापस लेते हुए धाराओं को निरस्त कर देना चाहिए।

➢ धारा 33 एवं 81 :

- *** दोनों धाराओं का संबंध कृषि भूमि के उपयोग एवं बिक्री से है।

- *** धारा 33 ऐसे किसी जमीन की बिक्री, उपहार या हस्तांतरण को प्रतिबंधित करती है, जिसके परिणामत: भूमि मालिक के पास 8 एकड़ से कम भूमि रह जाएगा। इसके पीछे मुख्य तर्क यह है कि छोटे जोत कृषि के लिए अलाभकारी होते हैं।
- *** धारा 33 के तहत केवल धार्मिक या धर्मार्थ संस्था अथवा भूदान आंदोलन के प्रभारी को ही भूमि की बिक्री या हस्तांतरण किया जा सकता है।
- *** धारा 81 में उल्लेख है कि किसी भू-स्वामी को उसके भूमि से बेदखल कर दिया जाएगा यदि उसने अपने भूमि का उपयोग कृषि, बागवानी या पशुपालन से जुड़े उद्देश्य के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए किया।
- *** अधिनियम में वर्णित है कि ऐसी भूमि ग्राम सभा में निहित होगी।

Note :– दिल्ली के शहरीकृत क्षेत्रों में यह अधिनियम लागू नहीं होता है।

Note :– दिल्ली के आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, दिल्ली एवं कुल सकल फसल क्षेत्र 2012-13 में 35,178 हेक्टेयर था, जो 2023–24 में घटकर 33,069 हेक्टेयर तक सीमित हो गया।

➢ विवाद :

- उपरोक्त दोनों धाराएं दिल्ली के ग्रामीण इलाके में भू-स्वामियों को जमीन बेचने अथवा अपनी भूमि को आवास, औद्योगिक गतिविधियां या अन्य वाणिज्यिक प्रयोग में लाने से रोकती है।
- दिल्ली में कुल 357 गांव है, जिनमें से 308 गांवों को शहरी क्षेत्र घोषित किया जा चुका है।
- शहरी क्षेत्र वाले गांवों के लिए दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम, 1954 लागू नहीं होता है बल्कि उसे दिल्ली नगर पालिका अधिनियम, 1957 एवं दिल्ली विकास अधिनियम, 1954 के तहत संचालित किया जाता है।

Note :– दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम, 1954 का निरस्तीकरण केवल केंद्र कर सकती है।

MCQ–1 : हाल के दिनों में चर्चा में रहे दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम, 1954 के धारा 33 एवं 81 का प्रत्यक्ष संबंध किससे है ?

a) औद्योगिक क्षेत्रों के पुनर्गठन से,
b) कृषि भूमि के उपयोग एवं बिक्री से,
c) प्रदूषण निवारण तंत्र से,
d) विधानसभा की विधायी शक्तियों से,

Ans.–(b)

MCQ–2 : सत्य कथन के आधार पर उचित विकल्प को चुने–

1. दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम, 1954 दिल्ली के केवल उन गांवों पर लागू होते हैं, जो शहरी क्षेत्र में शामिल नहीं हुए हैं।
2. दिल्ली में पिछले 10 वर्षों के दौरान कुल सकल फसल क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई है।

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 एवं 2 दोनों
d) न तो 1 एवं न ही 2

Ans.–(c)

हम आपको रिजल्ट देने आये हैं.
Result Mitra
1- UPSC(IAS) COMPLETE GS -5999 ₹.
2- NCERT for IAS/PCS -2499 ₹
3- ESSAY for IAS/PCS- 2199 ₹
4- UPSC PRELIMS TEST SERIES - 1399 ₹
5- सभी राज्यों के लिए टेस्ट सीरीज - 1399 ₹
कोर्स या Test Series के लिए
WhatssApp कीजिये
9235313184, 9235446806